तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 22.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 19 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

नवरात्रि विशेष



नवमी: सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-

सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

खबर संक्षेप

बहू ने सास के साथ की मारपीट

महासमुंद। ग्राम चुहरी में सास के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी बहू के विरूद्ध तुमगांव थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को उत्तराबाई निषाद ने बताया कि 16 अक्टूबर को वह अपने पति लखन लाल निषाद के साथ सोसायटी गई थी, वहां से वापस आने के दौरान दोपहर 12 बजे अपने पुराने घर के पास पहुंचकर बाड़ी में बोये धान देखने के लिए रूके थे, तभी उसकी बहू पूर्णिमा निषाद ने बिजली कनेक्शन काटने की बात को लेकर गाली गलौज करते हुए डंडे से मारपीट करने लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115(2) बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

शक्ति की भक्ति में डूबे लोग, नवरात्रि हुआ डांडिया की धूम से गुलजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शारदीय नवरात्रि पर अंचल में लोग माता की भक्ति और आस्था का रंग में सराबोर हैं। गांव-गांव में आकर्षक पूजा पंडाल सजे हैं, वहीं दिन भर पूजा-अर्चना के बाद शाम को पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। नवरात्रि को लेकर इस वर्ष युवाओं में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। शहर और आसपास के कई स्थानों पर बड़े स्तर पर गरबा नाइट्स का आयोजन किया जा रहा है। पारंपरिक परिधानों में युवक-युवतियां गरबा और डांडिया की धुन पर जमकर थिरक रहे हैं। गरबा आयोजनों में बड़ी संख्या में युवा पहुंच रहे हैं, जिससे आयोजन स्थलों पर देर रात तक उत्सव का माहौल बना हुआ है। नवरात्रि के चलते शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पूजा समितियों द्वारा पंडालों को आकर्षक रूप दिया गया है। कहीं भव्य विद्युत सज्जा की गई है तो कहीं अलग-अलग थीम पर पंडाल तैयार किए गए हैं। शाम के समय रोशनी से जगमगाते पंडाल लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। परिवार के साथ लोग माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। नवरात्रि पर्व में धार्मिक आयोजनों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। गरबा नाइट्स में बच्चों से लेकर युवाओं तक सभी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। डीजे और पारंपरिक संगीत की धुन पर गरबा करने वालों का उत्साह देखते ही बन रहा है। कई स्थानों पर सर्वश्रेष्ठ गरबा प्रस्तुति और पारंपरिक वेशभूषा को लेकर प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं।

गरबा नाइट्स में युवाओं का उत्साह चरम पर, देर रात तक थिरक रहे युवक-युवतियां



गरबा पंडालों में आकर्षक रोशनी से सजाया

नवरात्रि के साथ ही शहर में गरबा और डांडिया नाइट्स का रंग भी चढ़ने लगा है। विभिन्न स्थानों पर आयोजित गरबा कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में युवक-युवतियां उत्साह के साथ शामिल हो रहे हैं। पारंपरिक परिधानों में सजे प्रतिभागी संगीत की धुन पर गरबा और डांडिया करते नजर आ रहे हैं। आकर्षक रोशनी और संगीत के बीच गरबा स्थलों पर उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। बच्चों और युवाओं के साथ परिवार भी इन आयोजनों का आनंद ले रहे हैं। नवरात्रि के शेष दिनों में भी कई स्थानों पर गरबा नाइट्स और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी है।

कार्रवाई: वर्ष 2026 में अब तक 5700 किलोग्राम गांजे का किया नष्टीकरण

ओडिशा से छग समेत 5 राज्यों में नेटवर्क, 530 गांजा तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गांजा तस्करी के मामलों में पांच राज्यों से बड़ी संख्या में आरोपियों की गिरफ्तारी का आंकडा पेश करते हुए जिला पुलिस द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया है कि छत्तीसगढ़ से 138, ओडिशा से 162, महाराष्ट्र से 103, मध्यप्रदेश से 73 तथा उत्तर प्रदेश से 54 आरोपी गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार किए गए हैं।

जांच में सामने आए आंकड़ों के अनुसार जब्त गांजे में से सर्वाधिक 4511 किलोग्राम महाराष्ट्र, 2263 किलोग्राम उत्तर प्रदेश और 1223 किलोग्राम मध्यप्रदेश भेजा जा रहा था। इसके अतिरिक्त 179 किलोग्राम गुजरात, 264 किलोग्राम राजस्थान तथा 30 किलोग्राम हरियाणा के लिए भेजे जाने की जानकारी सामने आई है। इन तथ्यों के आधार पर पुलिस ने गांजा तस्करी के उन मार्गों और नेटवर्क पर कार्रवाई की। जिनके जरिए मादक पदार्थों की खेप एक राज्य से दूसरे राज्य तक पहुंचाई जा रही थी।



जब्त गांजे का किया गया नियमानुसार नष्टीकरण

जब्ती के मादक पदार्थों के नष्टीकरण की प्रक्रिया के क्रम में वर्ष 2026 में अब तक 5700 किलोग्राम गांजे का नष्टीकरण किया जा चुका है, जिसकी अनुमानित कीमत 28 करोड़ रुपये से अधिक है।

ओडिशा बना गांजा तस्करी का प्रमुख स्रोत

जांच में जब्त गांजे की खेपों का स्रोत ओडिशा सामने आया है। स्रोत क्षेत्र के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार कालाहांडी से 2679 किलोग्राम, कंधमाल से 2153 किलोग्राम, बौद्ध से 1177 किलोग्राम, रायगढ़ा से 950 किलोग्राम, बलांगीर से 791 किलोग्राम तथा सोनपुर से 872 किलोग्राम गांजा संबंधित खेपों में सामने आया है। इसके अलावा देवगढ़ से 281.900 किलोग्राम, नुआपाड़ा से 212.170 किलोग्राम, भुवनेश्वर से 207.710 किलोग्राम, बरगढ़ से 171.788 किलोग्राम तथा अंगुल से 148.495 किलोग्राम गांजे की खेपों का संबंध सामने आया है।

बस, ट्रेन से लेकर एंबुलेंस और बाइक का इस्तेमाल

गांजा तस्करी में तस्करों द्वारा बस, ट्रेन, ट्रक, पिकअप, एंबुलेंस, कोरियर सर्विस के वाहन और मोटरसाइकिल जैसे साधनों का प्रयोग किया गया। इन प्रकरणों में करीब 10 करोड़ कीमत के वाहन भी जब्त हुए हैं। तस्करों द्वारा पुलिस की निगरानी से बचने के लिए गांजे को फलों, कंटेनरों के विशेष चेंबर, सब्जी परिवहन करने वाले वाहनों, पैकर्स एंड मूवर्स के सामान तथा एंबुलेंस में छिपाकर ले जाने जैसी तरकीबें भी अपनाई गईं।

छह माह में 7306 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त

आंकड़ों के अनुसार छह माह में 7,306.651 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त किया गया। माहवार आंकड़ों में जनवरी में सर्वाधिक 2,099.886 किलोग्राम गांजे की जब्ती दर्ज की गई। थानावार आंकड़ों के अनुसार सिंघोड़ा थाना क्षेत्र में सर्वाधिक 3,325 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। इसके बाद कोमाखान थाना क्षेत्र में 2,970 किलोग्राम तथा बसना थाना क्षेत्र में 2,683 किलोग्राम गांजे की जब्ती की गई। गांजा तस्करी के अलावा पुलिस ने 1,432 किलोग्राम डोडा, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2.14 करोड़, को जब्त किया है।

अवैध शराब निर्माण, बिक्री व परिवहनकर्ता के खिलाफ कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम मुरमुरी में दो व्यक्ति के कब्जे से बड़ी मात्रा में हाथ भट्ठी निर्मित अवैध महुआ शराब बरामद किया गया है। आरोपियों को आबकारी एक्ट के तहत जेल भेजा गया है। सिंघोड़ा पुलिस ने बताया कि अभियान दिनांक से वर्तमान तक 60 लाख 32 हजार 107 रुपए कीमत की 17696.955 लीटर शराब जब्त की जा चुकी है और 1094 प्रकरणों में 1238 व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

जिला पुलिस महासमुंद द्वारा अवैध शराब बनाने, बिक्री एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच 17 अक्टूबर को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम मुरमुरी महुआ पेड़ के पास में दो व्यक्ति अवैध रूप से हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब बिक्री करने के लिए रखे हैं। इसके बाद ग्राम मुरमुरी महुआ पेड़ के पास रेड कार्रवाई की गई। मौके पर दो संदिग्ध व्यक्ति खड़े दिखे, जिनके पास दो बोरी में कुछ सामान दिखा। दोनों संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। दोनों से नाम पता पूछने पर, अपना नाम महावीर सोना पिता चतरू सोना (51 साल) व नारायण महानंद पिता परमानंद महानंद (45 साल) बांझापाली थाना सिंघोडा क्षेत्र का निवासी होना बताये। पास में रखे प्लास्टिक बोरी के संबंध में पूछताछ करने पर गोलमोल जबाब देने लगे कड़ाई से पूछताछ करने पर बोरी के अंदर हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब होना बताये। आरोपियों के कब्जे से हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब 100 लीटर (कीमत 20,000 रुपए) बरामद हुआ। आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

ट्रेलर की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

महासमुंद। ट्रेलर की टक्कर से एक व्यक्ति की हुई मौत के मामले में तुमगांव पुलिस ने जांच के बाद आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि थाना तुमगांव के मर्ग क्र 76/26 धारा 194 बीएनएसएस के तहत 12 सितंबर को मृतक नरेश दीवान पिता अवधराम दीवान (27 साल) सलिहाभाठा थाना पटेवा, सुखनंदन दीवान और अजय दीवान तीनों हीरो स्लेंतक डर मोटर सायकल से नदी मोड़ घोडारी से वापस अपने गांव सलिहाभाठा जा रहे थे, करीबन 7 बजे एनएच 53 ओवरब्रिज तुमगांव के पास पहुंचे मोटर सायकल खराब होने से सुखनंदन दीवान और अजय दीवान मोटर सायकल को धक्का देते हुए आगे बढ रहे थे और नरेश दीवान पीछे-पीछे आ रहा था, इसी दौरान रायपुर की ओर से आ रहे ट्रक ट्रेलर क्रमांक आरजे 14 जीएन 1573 के द्वारा लापरवाही पूर्वक चलाने से टकराने और घसीटने की आवाज आई। इसके बाद सुखनंदन दीवान और अजय दीवान मोटर सायकल से अपने गांव सलिहाभाठा चले गए। अगले दिन सुखनंदन दीवान और अजय दीवान को घटना की जानकारी मिली जो व्यक्ति रात में ट्रक ट्रेलर से टकराया था वह नरेश दीवान था जिसकी मृत्यु हो गई। मामले की जांच के बाद आरोपी ट्रेलर चालक के विरूद्ध धारा 106 (1) बीएनएस, 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

मीर अली मीर की रचनाएं सुन देर रात तक झूमते रहे काव्यप्रेमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय वार्ड नं. 3, इमलीभाठा अयोध्या नगर महामाया दुर्गा पूजा उत्सव समिति द्वारा आयोजित भव्य कवि सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के रसखान कहे जाने वाले सुप्रसिद्ध कवि मीर अली मीर की कविताओं को सुनते भक्त जन देर रात झूमते रहे। इस भव्य कवि सम्मेलन में मीर अली मीर के साथ संजय कबीर शर्मा (रायपुर), ईश्वर साहू आरुग (बेमेतरा), शशि तिवारी महुआ दुर्ग एवं स्थानीय कवि सुरेंद्र अग्निहोत्री, टेकराम सेन चमक आमंत्रित थे।

प्रसिद्घ कवियत्री शशि तिवारी महुआ ने आदिशक्ति की आराधना अपनी सुरीली आवाज में करते हैं, अपने विभिन्न श्रृंगार एवं प्रेम की गजलों से मंत्रमुग्ध कर दिया। बेमेतरा से पधारे ईश्वर साहू आरुग ने वर्तमान विसंगतियों पर प्रहार करते हुए खूब गुदगुदाया। उन्होंने शहीद वीर नारायण पर मार्मिक प्रस्तुत दी। कवि सुरेंद्र अग्निहोत्री ने अपने चिर परिचित अंदाज में अपने पैरोडी एवं गजलों से खूब हंसाया एवं बेटी बचाओ पर नवरात्रि में मातृशक्ति को नमन किया।

संचालन करते हुए रायपुर से पधारे संजय कबीर शर्मा ने वातावरण को खूबसूरत बनाया दिया। अपने चिरपरिचित अंदाज में कवि मीर अली मीर ने छत्तीसगढ़ी में पढ़ते हुए अपने स्वर का जादू बिखरते हुये नदा जाही का रे, नंदा जाही का कमरा अऊ खुमरी अरई तुलारी अ र र र त ता चू ने खूब तालियां बटोरी। स्थानीय कवि टेकराम सेन चमक द्वारा अपने अनूठे अंदाज में संचालन करते हुए कवियों का परिचय कराया। उन्होंने कहा कि दुनिया का सहारा क्या लेना तेरा एक सहारा काफी है बोलू तो क्या क्या बोलू मां तेरा एक इशारा काफी है। उनके उत्कृष्ट संचालन के लिए प्रसिद्ध कवि मीर अली मीर ने टेकराम सेन को गले से लगाते हुए मंच में सम्मानित किया। आयोजन समिति की ओर से सुनैना पप्पू ठाकुर पार्षद वार्ड नं. 3, धर्मेंद्र महोबिया, प्रवीण पिंटू खन्ना, किशोरधर दुबे, अनमोल पांडेय, वीरेंद्र साहू, अनमोल चंद्राकर, अंकित नंद, देवेंद्र देवांगन, विव डेनियल, सूर्यकांत ठाकुर, अकरम खान, सोमनाथ कन्नौजे, अमित देवांगन, बॉबी ध्रुव, धनंजय ध्रुव, लक्की गुप्ता, अभिषेक पांडेय ने कवियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षद गण माखन पटेल, कल्पना सूर्यवंशी, राहुल आंवड़े, पीयूष साहू, सीता टोंडेकर आदि मौजूद रहे।



राज्य स्तरीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

तीरंदाजी चैंपियनशिप में 3 स्वर्ण, 1 रजत पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन एवं बिलासपुर तीरंदाजी संघ द्वारा 26वीं राज्य स्तरीय सीनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप का आयोजन डॉ. सी वी रमन यूनिवर्सिटी कोटा बिलासपुर में शनिवार को आयोजित किया गया, जिसमें जिला तीरंदाजी संघ महासमुंद एवं खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर महासमुंद के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने इंडियन राउंड, रिकर्व राउंड एवं कंपाउंड राउंड में भागीदारी किया।

बाल आश्रम बिहाझर बागबाहरा से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चांदनी साहू पिता बलदेव, जया पिता सोमनाथ साहू, पदमा साहू, जया पिता फूलदास पहटिया, वैशाली साहू, त्रिशा प्रजापति, चांदनी पिता टेक चंद साहू, नवलीन कौर एवं पीरित राम साहू, कमलेश साहू, ओमप्रकाश ध्रुव, अमर सबर, प्रियांशु साहू, गजेंद्र निषाद, टुकेश साहू शामिल हुए। खेलों इंडिया आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर, खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद से डोमेश्वरी साहू, जयंत ठाकुर, उमेश बरिहा शामिल हुए। टीम के साथ प्रशिक्षक एवन कुमार साहू एवं ऋषभ तथा मैनेजर में डॉ पूर्णेंद्र चंद्राकर शामिल हुए।



चैंपियनशिप में जिले से बालक वर्ग में बागबाहरा के कमलेश साहू ने इंडियन राउंड में सबसे ज्यादा 338 अंक बनाते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बालिका इंडियन राउंड में बागबाहरा की चांदनी पिता टेक चंद साहू ने 311 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही एवं रजत पदक जीतने में सफल रहीं। कंपाउंड राउंड में बागबाहरा की पद्मा साहू ने सर्वाधिक 343 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल किया। रिकर्व राउंड में बागबाहरा की चांदनी पिता बलदेव साहू ने सर्वाधिक 322 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल किया। सभी पदक विजेता खिलाड़ी बॉल आश्रम बिहाझर बागबाहरा से अपने खेल का नियमित अभ्यास कर लगातार सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर प्रतियोगिता में भागीदारी करते हुए पदक जीतने में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। और राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भागीदारी कर पदक जीत रहे हैं। खिलाड़ियों से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर पदक जीतने की उम्मीद की जा रही हैं। राष्ट्रीय सीनियर चैंपियनशिप शिलांग मेघालय में आयोजित होना हैं।

सफाई कर्मी के साथ गाली गलौज, दुकान संचालक के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका के सफाईकर्मी के साथ गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी दुकान संचालक के खिलाफ सिटी कोतवाली में एफआईआर दर्ज किया गया है। पुलिस को नगर पालिका महासमुंद के सफाई सुपरवाइजर जीतू सोनी ने कोतवाली को दिए गए आवेदन में पुलिस को बताया है कि 17 अक्टूबर की सुबह गोपाल सोना, अनितो कुमार, शिव दास मानिकपुरी, आलोक सोनवानी, तनुज कुमार, पार्थव सोना के साथ सफाई करने पहुंचे थे। सफाई करते हेमंत बोथरा की दुकान के पीछे गए तो देखा ढेर सारा कचरा उक्त दुकान संचालक द्वारा साई मंदिर के पास फेंक दिया गया था, जब इसके बारे में दुकानदार से पूछा गया तो उसने कहा कि मेरी मर्जी मैं कहीं भी फेंक सकता हूं। तुम्हारा काम सफाई करने का है और करना पड़ेगा, इस पर सफाइ कर्मियों ने कहा कि जो कचरा इकट्ठा कर रहे हैं उसका शुल्क लगता है उसे जमा करना पड़ेगा कहा। इस पर दुकान संचालक ने शुल्क देने से मना करते हुए एक सफाई कर्मी अनितो कुमार के साथ मारपीट करने लिए उसका कॉलर पकड़ लिया, जिस पर दूसरे सफाई कर्मियों ने बीच बचाव किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

20 लीटर महुआ शराब जब्त, एक व्यक्ति गिरफ्तार

महासमुंद। बसना पुलिस ने ग्राम उड़ेला में एक व्यक्ति के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम उडेला का जमुना प्रसाद रात्रे अपनी बाड़ी में अवैध शराब बिक्री करने के लिए रखा हुआ है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने संदेही से पूछताछ की, जिस पर उसने अपना नाम व पता जमुना प्रसाद रात्रे पिता स्व कुमार रात्रे (42 वर्ष) उड़ेला होना बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 20 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कुल कीमत 4000 रुपए को बरामद किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

खबर संक्षेप

जिला टीम का चयन 20 को

धमतरी। राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता दल्लीराजहरा में 23 से 25 अक्टूबर तक होगी। इसमें भाग लेने के लिए धमतरी जिला टीम का चयन 20 अक्टूबर को मेट्रो फिट जिम में सुबह 10:30 होगा। यह जानकारी धमतरी पावर लिफ्टिंग संघ सचिव देवेंद्र यादव ने दी।

रामलीला का मंचन 19 से

धमतरी। ग्राम सांकरा में आदर्श नाट्य कला मंडली दवारा 19 अक्टूबर को सीता स्वयंवर, धनुष यज्ञ तथा 20 अक्टूबर को अंगद रावण संवाद, मेघनाथ वध, कुंभकरण वध, रावण वध का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में अगेश्वर साहू, डुमनलाल, घनश्याम, कामता प्रसाद, खिलेंद्र जुटे हैं।

सेमरा डी में नाचा 20 को

डांडेसरा(धमतरी)। दशहरा पर्व पर ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम सेमरा डी में 20 अक्टूबर को जय करिया ध्रुव छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी कोकोभाठा गोड़बहाल (पिथौरा) जिला महासमुंद का कार्यक्रम रखा गया है।

युवा उत्सव के लिए पंजीयन 19 से

धमतरी। युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026-27 का आयोजन नवंबर माह के दूसरे सप्ताह में प्रस्तावित है। इसके लिए 19 अक्टूबर से जिला खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय, रूद्री में पंजीयन प्रारंभ होगा। पंजीयन की अंतिम तिथि 27 अक्टूबर है।

जाति प्रमाण पत्र जारी करने में निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित हो, छत्तीसगढ़ के स्थानीय पात्र नागरिकों के हितों का हो संरक्षण : मूल छत्तीसगढ़िया सर्व गांडा समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य में अनुसूचित जाति एवं अनzुसूचित जनजाति वर्ग के नागरिकों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, आरक्षण एवं अन्य संवैधानिक सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए जाति प्रमाण पत्र एक आवश्यक दस्तावेज है। छत्तीसगढ़ की अनुसूचित जाति सूची में सम्मिलित गांडा जाति सहित संबंधित वर्गों के पात्र नागरिकों को नियमानुसार जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने का अधिकार है।

इस संबंध में मूल छत्तीसगढ़िया सर्व गांडा समाज ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के जाति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया में प्रचलित संवैधानिक प्रावधानों, निर्धारित पात्रता मानदंडों तथा शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, छत्तीसगढ़ के स्थानीय पात्र नागरिकों के वैधानिक अधिकारों एवं हितों का संरक्षण किया जाए।

समाज के अनुसार, जाति प्रमाण पत्र जारी करने की वर्तमान प्रक्रिया में वर्ष 1950 अथवा उससे पूर्व के मिशल रिकॉर्ड एवं संबंधित अभिलेखों की महत्वपूर्ण भूमिका है। निर्धारित कट-ऑफ तिथि से संबंधित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसी परिस्थितियों



में शासन के निर्धारित नियमों के अंतर्गत पात्रता का समुचित परीक्षण एवं अभिलेखों का सत्यापन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। छत्तीसगढ़ में अन्य राज्यों से आकर निवास करने वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के नागरिकों के जाति प्रमाण पत्र संबंधी प्रकरणों में भी लागू संवैधानिक प्रावधानों एवं शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निर्णय लिया जाना चाहिए। इस संदर्भ में वर्ष 1950 की निर्धारित कट-ऑफ तिथि में परिवर्तन की मांग भी समय-समय पर उठती रही है।

मूल छत्तीसगढ़िया सर्व गांडा समाज का स्पष्ट मत है कि जाति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ के स्थानीय पात्र नागरिकों के हितों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। समाज ने इस बात पर जोर दिया है कि प्रमाण पत्र जारी करने में निर्धारित नियमों एवं पात्रता संबंधी प्रावधानों का समान रूप से पालन किया जाए, जिससे किसी भी अपात्र व्यक्ति को अनुचित लाभ न मिले तथा वास्तविक पात्र नागरिक अपने संवैधानिक अधिकारों से वंचित न हों। समाज ने शासन से यह भी मांग की है कि छत्तीसगढ़ के प्रत्येक ऐसे नागरिक एवं उनकी संतानों को नियमानुसार जाति प्रमाण पत्र जारी करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जो निर्धारित पात्रता की शर्तों को पूरा करते हैं। इसके साथ ही, पुराने अभिलेखों से संबंधित समस्याओं का निराकरण लागू नियमों के अनुरूप किया जाए, ताकि पात्र आवेदकों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। मूल छत्तीसगढ़िया सर्व गांडा समाज ने शासन-प्रशासन से अपेक्षा व्यक्त की है कि इस विषय पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए जाति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं नियमों की एकरूपता सुनिश्चित की जाए। समाज ने दोहराया कि उसकी प्रमुख मांग छत्तीसगढ़ के स्थानीय पात्र नागरिकों के हितों की सुरक्षा, निर्धारित नियमों का प्रभावी अनुपालन तथा सभी पात्र नागरिकों को उनके वैधानिक अधिकारों की प्राप्ति सुनिश्चित करना है।

खेड़ीगांव में लोकगीतों और जसगीतों की प्रस्तुति ने बांधा समां

कंचन जोशी की स्टार नाइट का हुआ कार्यक्रम, विधायक द्वारिकाधीश यादव रहे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम खेड़ीगांव में शारदीय नवरात्रि पर्व के सप्तमी अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोकगायिका कंचन जोशी की स्टार नाइट आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। इस दौरान लोकगीतों और जसगीतों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चों सहित क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा कार्यक्रम भक्तिमय माहौल में हुआ और माता रानी के जयकारों से आयोजन स्थल गूंज उठा।



कार्यक्रम का शुभारंभ खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। आयोजन के दौरान लोकगीतों और जसगीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया और नवरात्रि के उत्सव को यादगार बनाया। कार्यक्रम में विधायक यादव की उपस्थिति में आयोजकों और ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। नवरात्रि के अवसर पर आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम ने धार्मिक आस्था के साथ छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति को भी मंच प्रदान किया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण नए जसगीत का विमोचन रहा। लोकगायिका कंचन जोशी के साथ मनोहर साहू द्वारा प्रस्तुत नए जसगीत को लेकर दर्शकों में उत्साह देखा गया। जसगीतों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में भक्तिमय वातावरण बनाया। नवरात्रि के अवसर पर जसगीत और लोकगीत छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ऐसे आयोजनों से स्थानीय कलाकारों को मंच मिलता है और लोककला के संरक्षण एवं संवर्धन को प्रोत्साहन मिलता है। इस अवसर पर ग्राम सरपंच सुपेंद्र दीवान, मनोहर साहू, पूनम दास मानिकपुरी, करण दीवान, प्रतीक पटवा, श्रीराम साहू, संजय अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, गणेश राम दीवान, हेमंत कुमार खूंटे, लोकनाथ यादव, सरला ठाकुर, दीपक अग्रवाल, मिथलेश साहू, केशव दीवान, वेदराम पटेल, हेमंत अग्रवाल, सुरेंद्र दीवान, लखन लाल डड़सेना और चोवा राम साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

नगर के घंटेश्वरी माता मंदिर में हवन-पूजन कल

नवरात्रि में तिथियों को लेकर संशय, प्रमुख मंदिरों में अलग अलग दिन मनेगी अष्टमी व नवमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

इस वर्ष नवरात्र महापर्व में शक्ति की उपासना के बीच तिथियों के फेर को लेकर संशय व असमंजस की स्थिति देखने को मिल रही है। उदयातिथि और विभिन्न पंचांगों के अनुसार तिथियों में भिन्नता के चलते अंचल के प्रमुख देवी धामों में महाअष्टमी, महानवमी, हवन और विसर्जन के समय को लेकर अलग-अलग व्यवस्थाएं सामने आई है। शहर के प्रसिद्ध मां घंटेश्वरी माता सिद्धपीठ में जहा मंगलवार को अष्टमी हवन किया जाएगा। वहीं सिंघोडा स्थित मां रुद्रेश्वरी मंदिर और शहर के प्राचीन मां शीतला मंदिर में हवन किया जाएगा। पावन पर्व पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है।

यहां सोमवार को दिनभर मां महागौरी की विशेष पूजा-अर्चना होगी और सायंकाल शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महाहवन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु आहुति समर्पित करेंगे। इसके उपरांत मंगलवार को घंटेश्वरी मंदिर में महानवमी का पर्व विधि-विधान से मनाते हुए माताराणी की विशेष आराधना की जाएगी। मंगलवार को ही शुभ मुहूर्त में नौ कन्याओं का पूजन कर कन्या भोज कराया जाएगा तथा नवरात्र पर प्रज्जवलित मनोकामना ज्योति कलशों का विसर्जन भी बुधवार को ही संपन्न कर दिया जाएगा। दूसरी ओर अंचल के प्रमुख आस्था केंन्द्र बैतारी स्थित मां जामबहलीन देवी मंदिर और शहर के मध्य स्थित मां शीतला मंदिर में पर्व की रूपरेखा भिन्न है।

कालरात्रि की पूजा संपन्न

वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते रविवार को देर रात सप्तमी पर हर साल होने वाली पारंपरिक कालरात्रि पूजा की गई। मध्यरात्रि में होने वाली इस विशेष निशा पूजा में शामिल होने श्रद्धालु उपस्थित रहे। इसके पश्चात सोमवार को नगर सहित अंचल के मंदिर में महाअष्टमी का मुख्य पर्व मनाया जा रहा है। प्रमुख स्थानों पर सोमवार की शाम विधि-विधान से महाहवन अनुष्ठान होगा।

बुधवार को ज्योत विसर्जन

नगर के प्रवेश द्वार पर स्थित मां घंटेश्वरी माता मंदिर में महानवमी का पावन पर्व मंगलवार को मनाया जाएगा। मंगलवार को नवमी तिथि पर विशेष पूजन, कन्या भोज और पूर्णाहुति के बाद अगले दिन बुधवार को श्रद्धापूर्वक मनोकामना ज्योति कलशों का विसर्जन होगा। मंदिर प्रभारी रोहित प्रधान का कहना है कि सूर्योदय व्यापिनी उदयातिथि और अष्टमी तिथि के प्रवेश काल में अंतर होने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है। अलग-अलग दिनों में पर्व मनाए जाने से श्रद्धालुओं को दो दिनों तक महाअष्टमी और महानवमी का पुण्य लाभ प्राप्त होगा।

नवरात्रि में जस गीतों के साथ रास, गरबा व डांडिया की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

नगर सहित अंचल में इन दिनों नवरात्रि की धूम है। ग्रामीण क्षेत्रों व नगर के विभिन्न स्थानों में मां दुर्गा पंडाल बनाया गया है, जहां नौ दिनों तक भक्ति रस में श्रद्धालु डूबे हैं। जस गीतों के साथ साथ रास, गरबा, डांडिया में भी श्रद्धालु थिरक रहे हैं।

नगर व अंचल में नवरात्रि की धूम है। दुर्गा मंदिरों सहित विभिन्न समितियों द्वारा मां दुर्गा पंडाल स्थलों की विशेष सजावट की है। नवरात्रि शुभारंभ अवसर पर शाम से देर रात्रि तक मां दुर्गा स्थापना के साथ ज्योत भी प्रज्ज्वलित की गई। नगर में रास, गरबा, डांडिया करने समितियों द्वारा भव्य पंडाल भी



बनाया गया है, जहां श्रद्धालु डीजे की धुनों में विशेष वेशभूषा के साथ थिरक रहे हैं। नगर में शहीद भगत सिंह खेल मैदान में भव्य रास, गरबा, डांडिया पंडाल विशेष साज सज्जा के साथ बनाया गया है। साथ ही समिति रास, गरबा, डांडिया के इच्छुक श्रद्धालुओं का निशुल्क पंजीयन भी की है, जिससे श्रद्धालु नृत्य में शामिल हो सकें। रास, गरबा, डांडिया के लिए स्पर्धा भी आयोजित है, जहां श्रेष्ठ प्रदर्शन पर 2 लाख 70 हजार रुपए से भी अधिक के पुरस्कार है। इसी तरह श्रीगणेश दुर्गा उत्सव समिति लहरौद में भी भव्य पंडाल निर्मित किया गया है, जहां प्रतिभागियों के लिए 10 लाख से भी अधिक रुपए के पुरस्कार की घोषणा है। मिडिल स्कूल में भी विराजित दुर्गा पंडाल में भी रस गरबा डांडिया स्थल बनाया गया है। यहां भी लाखों रुपए के आकर्षक पुरस्कार की घोषणा समिति द्वारा की गई है। इसके अतिरिक्त मंदिर चौक सहित विभिन्न स्थलों में विराजित मां दुर्गा पंडालों में भी रास, गरबा, डांडिया के भव्य पंडाल बनाये गये हैं जहां नौ दिनों तक नवरात्रि का उत्सव मनाया जाएगा।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में मनाई गई अब्दुल कलाम की जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में प्राचार्य अरुण प्रधान के मार्गदर्शन में विज्ञान गणित क्लब द्वारा डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की 95 वीं जयंती मनाई गई। कलाम के विज्ञान, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को छात्र अध्यापकों द्वारा सेमिनार के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। पीपीटी के माध्यम से वक्ताओं ने कलाम के जीवन के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला। रंगोली, पोस्टर एवं विज्ञान मॉडल का प्रस्तुतीकरण भी डीएलएड के छात्र अध्यापकों द्वारा किया गया। प्राचार्य अरुण प्रधान, सहायक अध्यापक कौशलेष सिंह ने कहा कि कलाम का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। यदि हम उनके कार्यों का एक कण भी अपने जीवन में उतार पाए तो हमारा यह कार्यक्रम सफल होगा। सुलभा द्विवेदी ने डॉक्टर कलाम के बचपन के संस्मरण सुनाए।

संतोष साहू, टेकराम सेन, किरण कन्नौज ने अपने वक्तव्य में कहा कि अभाव किसी को सफल होने से कभी नहीं रोक सकता। डॉ कलाम का जीवन हमें यही सीख देता है। ईश्वर चंद्राकर ने उनके रक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान का उल्लेख किया। कार्यक्रम समन्वयक दुर्गा सिन्हा ने कहा कि डॉ कलाम सभी छात्रों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा देते हैं। सहायक प्राध्यापक कौशलेश सिंह, सुलभा द्विवेदी, संतोष कुमार साहू, टेकराम सेन, किरण कन्नौजे, सुमन दीवान, तिलोत्तमा प्रधान, झरना साहू, ईश्वर चंद्राकर सहित सभी फैकल्टी मेंबर्स ने प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभाई। सेमिनार में वैभव एवं लीलामृत प्रथम, मुकेश पटेल द्वितीय एवं दामिनी चंद्राकर तृतीय स्थान पर रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम अनु सिदार, द्वितीय खुमान ध्रुव एवं तृतीय मोनिका निषाद रहे। साइंस मॉडल प्रतियोगिता में ग्रुप क्रमांक 1 तीसरे स्थान पर ग्रुप क्रमांक 4 दूसरे स्थान पर एवं ग्रुप क्रमांक 7 प्रथम स्थान पर रहा। रंगोली प्रतियोगिता में ग्रुप क्रमांक 7 तृतीय ग्रुप क्रमांक 4 एवं 1 द्वितीय स्थान पर एवं ग्रुप क्रमांक 3 प्रथम स्थान पर रहा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र संघ पदाधिकारी वेणुराम अजय, शिवा, रेनू भूमिका,नमिता, पिंकी, कमलेश, चित्रेन, वैभव प्रकाश, रुपेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन विज्ञान गणित क्लब प्रभारी दुर्गा सिन्हा ने किया।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से संजय को मिल रहा आर्थिक लाभ

समय पर खाद-बीज की व्यवस्था से खेती हुई आसान, कर्ज पर निर्भरता में आई कमी

महासमुंद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा यात्रा का मूल भाव जनसेवा, गरीब कल्याण और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना रहा है। इसी सेवा भावना के अनुरूप केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं देश के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने में विशेष भूमिका निभा रही हैं। महासमुंद जिले के पिथौरा विकासखंड के ग्राम पथरला के किसान संजय कुमार बरिहा के लिए भी यह योजना खेती के खर्चों को संभालने और परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध हो रही है।

कृषक संजय कुमार बरिहा के पास 1.37 हेक्टेयर कृषि भूमि है, जिस पर वे पारंपरिक फसलों की खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। खेती ही उनकी आजीविका का प्रमुख आधार है। सीमित कृषि संसाधनों के कारण उन्हें प्रत्येक फसल चक्र में खाद, बीज और कीटनाशक जैसी आवश्यक कृषि सामग्री की व्यवस्था करने में आर्थिक कठिनाइयों के कारण ब्याज पर कर्ज लेने की मजबूरी का सामना करना पड़ता था। इससे खेती की लागत बढ़ने के साथ ही परिवार की बचत पर भी असर पड़ता था। संजय कुमार बरिहा बताते हैं कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से मिलने वाली आर्थिक सहायता उनके लिए काफी उपयोगी साबित हो रही है। बैंक खाते में सीधे राशि प्राप्त होने से उन्हें खेती के जरूरी खर्चों की व्यवस्था करने में मदद मिलती है। अब वे बुआई के समय खाद और बीज जैसी आवश्यक सामग्री खरीदने के लिए इस राशि का उपयोग कर पाते हैं। इससे खेती के शुरुआती खर्चों को संभालने में सहूलियत मिलती है और कर्ज लेने की मजबूरी भी पहले की तुलना में कम हुई है। योजना से मिली सहायता ने उन्हें कृषि कार्यों की तैयारी बेहतर ढंग से करने का अवसर दिया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपए की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान की जाती है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से मिलने वाली यह सहायता कृषि आवश्यकताओं की पूर्ति में सहयोग देती है।

सेजेस तुमगांव में त्रैमासिक परीक्षा को लेकर अभिभावक-शिक्षक की हुई बैठक

महासमुंद। पीएमश्री सेजेस तुमगांव में त्रैमासिक परीक्षा के पश्चात अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों से जुड़ी अपनी कठिनाइयों, कम अंक आने के कारणों तथा अध्ययन में सुधार के उपायों पर चर्चा की।

बैठक की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य केआर साहू ने की। उन्होंने अभिभावकों से सीधे संवाद करते हुए बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन पर विस्तार से बातचीत की। प्राचार्य साहू ने अभिभावकों को बच्चों के जीवन के लक्ष्यों को स्पष्ट करने तथा उन्हें सही दिशा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केवल अंक ही सफलता का मापदंड नहीं हैं, बल्कि बच्चों में सही आदतों, अनुशासन और भविष्य की स्पष्ट दृष्टि विकसित करना भी उतना ही जरूरी है।



विद्यार्थियों ने गणित, विज्ञान, अंग्रेजी तथा अन्य विषयों में आने वाली समस्याओं को सामने रखा। कई छात्रों ने बताया कि नियमित अभ्यास की कमी, समय प्रबंधन में कठिनाई तथा अवधारणाओं को ठीक से न समझ पाना कम अंक आने के प्रमुख कारण हैं। शिक्षकों ने अभिभावकों को घर पर अध्ययन की उचित व्यवस्था बनाने, बच्चों के साथ नियमित चर्चा करने तथा स्कूल के साथ समन्वय बनाए रखने की सलाह दी। प्राचार्य केआर साहू ने कहा कि स्कूल का लक्ष्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि बच्चों को जीवन में सफल बनाने के लिए तैयार करना है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों के साथ मिलकर उनके लक्ष्यों को निर्धारित करें तथा निरंतर प्रोत्साहन दें। बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित हुए। सभी ने स्कूल के प्रयासों की सराहना की तथा भविष्य में भी नियमित संवाद जारी रखने की बात कही।

कार्यक्रम में विजय कुमार तिवारी, अश्विनी धीवर, तिलक शर्मा, रेवती रमन तारक, कामता प्रसाद साहू, पवन कुमार डडसेना, रोहित लहरे, देवेश कुमार, ज्योति सिंह, हेमलता साहू, कुसुम कुजूर, सविता ध्रुव, अंकिता ठाकरे, गीतिका कौशिक, गीता पटेल, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, सागर झा, सत्यम पांडेय, सजल चंद्राकर, लक्ष्मी नारायण साहू, नवीन कुमार दास, तरुण कुमार सिन्हा, लोकेश साहू, डोलेश होता, मधुरिमा शर्मा, बरखा शर्मा, भारती भार्गव, वेनिका लकरा, प्रियंका बरिहा, सोनाली साहू, रेणुका साहू, रुपाली गुप्ता, मोनिका यादव, लिली मजखंड, नलिनी ध्रुव, प्रगति साहू, संदीप तिवारी, खुमेश्वरी परमार,जय टंडन, दुर्गेश कुमार ध्रुव, सुषमा गिलहरे सहित अन्य सम्मिलित थे।

रेत खदान खुलने के बाद भी रेट कम नहीं

धमतरी। रेत खदानों के खुलने के बाद भी रेट आसमान छू रहे हैं। सप्लायरों को पहले डंप से जिस रेट में रेत मिलती थी, खदान खुलने के बाद भी उसी रेट पर रेत मिल रही है। ऐसे में वे भी अधिक रेट में भवन निर्माताओं को रेत दे रहे हैं। शहर एवं आसपास के गांवों में भी यही स्थिति है। ट्रैक्टरों से भी रेत महंगी पड़ रही है। एनजीटी के नियम के अनुसार बारिश के चार माह 10 जून से 15 अक्टूबर तक रेत खदानों से डायरेक्ट रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इस दौरान कई लोगों को डंप की अनुमति दी गई थी, जिन्होंने बारिश से पहले ही रेत सप्लाई के लिए बड़ी मात्रा में नदी से रेत निकालकर दूसरी जगहों पर रखा था। डंपिंग से रेत लोडिंग पर चार्ज भी महंगा कर दिया गया। जानकारी के अनुसार प्रति घन मीटर 600 रुपए चार्ज लिया जा रहा था। अब नदी से उत्खनन पर प्रतिबंध हट गया है। अब सीधे नदी से रेत लोड किया जा रहा है, इसके बाद भी लोडिंग चार्ज कम नहीं किया गया है। सप्लायरों से डंप से लोडिंग पर जितना चार्ज लिया जा रहा था, नदी से भी उतना ही लिया जा रहा है। उधर लोडिंग चार्ज कम नहीं होने से सप्लायर भी पुराने रेट में ही रेत खपा रहे हैं। यही स्थिति ट्रैक्टरों से भी रेत सप्लाई में है।

खबर संक्षेप

हितग्राहियों को 1 करोड़ 63 लाख का भुगतान

महासमुंद। जिले के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों और उनके परिवारों को श्रम विभाग के छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के माध्यम से महासमुंद आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। अभियान के अंतर्गत जिले के 4,736 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 1 करोड़ 63 लाख 15 हजार 203 रुपये की सहायता राशि से लाभान्वित किया गया है। इन योजनाओं से जहां श्रमिक परिवारों को शिक्षा, सुरक्षा और आजीविका संबंधी जरूरतों में मदद मिल रही है, वहीं विपरीत परिस्थितियों में प्रभावित परिवारों को भी आर्थिक संबल प्राप्त हो रहा है।
जिले के ग्राम शेर निवासी स्व. विनय कुमार साहू पंजीकृत निर्माण श्रमिक थे।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बुढ़ान शाह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि उनके नाम पर सड़क और मेडिकल कॉलेज के नामकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा



ग्राम अरंड में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बुढ़ान शाह की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कौड़िया राज अध्यक्ष पलटू राम छेदाइहा ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष डेजी रानी नेताम एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर शामिल हुए। इस अवसर पर समाज प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बुढ़ान शाह के स्मारक पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की और उनके योगदान को याद किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बुढ़ानशाह का नाम इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में अंकित कराने के लिए आदिवासी समाज को एकजुट होकर डटकर आवाज उठानी होगी। पूर्व सांसद साहू ने कहा कि नया रायपुर की सड़क का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बुढ़ानशाह के नाम पर करने तथा महासमुंद मेडिकल कॉलेज का नाम भी उनके नाम पर रखने की मांग की जाएगी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बुढ़ानशाह पूरे जिले के लिए गौरव है, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ आजादी के लिए बिगुल हुआ था। कुछ लोग पिछले 20 वर्षों से उनके नाम पर राजनीतिक रोटी सेक रहे हैं, आज तक उनके नाम पर विधिवत न तो किसी भी शासकीय महाविद्यालय नहीं किसी स्कूल का उनके नाम पर नामकरण नहीं हुआ है। कुछ लोग समाज को भ्रमित करने का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर डेजी रानी नेताम ने भी सेनानी बुढ़ानशाह के योगदान को याद करते हुए उनके संघर्ष, त्याग और देशभक्ति के आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में बुढानशाह के वंशज योगसाय ठाकुर, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष मनराखन ठाकुर, सुरमाल अध्यक्ष राजकुमार पोडेटी, कौड़िया-01 अध्यक्ष मदन सिंह ध्रुव, कौड़िया-02 अध्यक्ष अनूप सिंह पोडेटी, कौड़िया-03 अध्यक्ष सिरामन सिंह छेदाइहा, कौड़िया-04 अध्यक्ष ईश्वर कुंजाम, सरपंच दिगंबर पटेल एवं तुलाराम सोरी, कार्यकारी अध्यक्ष सहित अन्य समाज प्रमुख, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन घांसी राम मरइ ने किया। कार्यक्रम में महिला प्रभाग शशि ध्रुव, महिला प्रभाग भूमिका ध्रुव, गौतम मरई, ईश्वर कुंजाम, जिला सदस्य खिलावन पोडेटी, कृष्णा ध्रुव, शिवचरण ध्रुव, लीलाधर नेताम, रामकुमार ध्रुव, ओमप्रकाश ध्रुव, महेश मरकाम, घनाराम ध्रुव मौजूद रहे।



पटपरपाली स्कूल में न्योता भोज व हाउस ड्रेस वितरण कार्यक्रम हुआ

बागबाहरा। न्योता भोज एवं हाउस ड्रेस वितरण कार्यक्रम 14 अक्टूबर बुधवार को शासकीय प्राथमिक शाला पटपरपाली संकुल केंद्र टेमरी अ में रखा गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोनिका साहू प्रदेश सहसंयोजक भाजपा मंडल, अध्यक्षता लता कमलेश टांडेय सरपंच ग्राम पंचायत पटपरपाली, विशिष्ट अतिथि रुक्मणी विश्वनाथ साहू जनपद सदस्य, डाली ध्रुव भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष बागबाहरा, विशिष्ट अतिथि विश्वनाथ साहू जनपद सदस्य प्रतिनिधि, कमलेश टांडेय अध्यक्ष कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पटपरपाली रहे। अतिथियों द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला पटपरपाली के बच्चों को हाउस ड्रेस वितरण किया गया एवं एक पेड़ मां के नाम पौध रोपण किया गया। जनपद सदस्य सिवनीकला क्षेत्र रुक्मणी विश्वनाथ साहू द्वारा बच्चों को अपने व्यय से हाउस ड्रेस 26 जोड़ी वितरण किया। साथ ही बच्चों के नेवता भोज कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुकेश गुप्ता वार्ड पंच, हवन साहू वार्ड पंच, सुरीत साहू संकुल समन्वय पटपरपाली, राधेश्याम निराला सहित संकुल के शिक्षक उपस्थित थे।



कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक बनाए गए टेकराम

महासमुंद। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा के निर्देशन पर प्रांतीय पर्यवेक्षक एवं महामंत्री कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन चंद्रशेखर तिवारी, प्रांतीय पर्यवेक्षक पंकज पांडेय, आलोक मिश्रा, मनोज साहू एवं राजनारायण द्विवेदी की उपस्थिति एवं सदस्य संगठनों के जिला अध्यक्षों की रायशुमारी एवं सहमति पर कर्मचारी जगत के नेता एवं प्रतिनिधित्वकर्ता टेकराम सेन को जिला संयोजक का पुनः दायित्व दिया गया। समस्त संगठनों के प्रतिनिधियों से चर्चा उपरांत टेकराम सेन के अपार समर्थन को देखते हुए प्रमुख प्रांतीय पर्यवेक्षक एवं महामंत्री चंद्रशेखर तिवारी ने टेकराम सेन को फेडरेशन का जिला संयोजक नियुक्ति की घोषणा की। उन्होंने कहा कि टेकराम के नेतृत्व में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन महासमुंद नये ऊंचाईयों को प्राप्त करेगा। सभा को संबोधित करते हुए तिवारी ने कहा कि कर्मचारी जगत को शासन की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जायेगी और आगामी समय में आंदोलन की घोषणा की जाएगी। इस अवसर पर कर्मचारी नेता प्रमोद तिवारी, छग शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, अजाक्स के प्रांतीय पदाधिकारी कमलेश ध्रुव, एसपी ध्रुव, वाहन चालक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष ठाकुर, कर्मचारी नेता भैयाराम चंद्राकर, चमन चंद्राकर, सह संयोजक रेखराज शर्मा, सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष सिराज बक्स, महामंत्री दिलीप तिवारी, ईश्वर चंद्राकर, दीपक तिवारी, पेंशनर एसोसियेसन से अशोक गिरि गोस्वामी ने कहा कि टेकराम सेन अत्यंत उर्जावान व्यक्ति के धनी कर्मचारी नेता साबित हुये हैं, उनके नेतृत्व में आगामी समय में मोदी की गारंटी पूर्ण कराने आंदोलन खड़ा होगा। जिला संयोजक के चुनाव व अन्य मुद्दों पर चर्चा के दौरान प्रमुख रुप से डॉ. राम कुमार चंद्राकर, डॉ. चिन्ताराम साहू, एनके सिन्हा, लोकेश पटेल, शिव कुमार साहू, ईश्वर चंद्राकर, अजय बंजारे, राजेश कौशिक, पुकराम कुर्रे, दिनेश कुमार प्रधान, सुधा रात्रे, नीतेश श्रीवास्तव, राकेश थवाईत, अनिल पटेल, भागवत जगत, जयराम पटेल, डी. बसंत साव, भेखलाल चंद्राकर, लता वैष्णव, एमएल ध्रुव, हेमंत चौधरी, दीपक तिवारी, आरके सिंह, आरके बुनकर, डीके सेन, सुनील कुमार साहू, संदीप तिवारी, चक्रधर साहू, चमन चंद्राकर, अनिल कोसरिया, गिरिश कुमार ध्रुव, घनश्याम ध्रुव, तृप्ति साहू आदि उपस्थित रहे।



राज्य मुख्य आयुक्त खालसा ने की राज्यपाल डेका से मुलाकात

महासमुंद। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंग खालसा एवं राज्य सचिव अमित क्षत्रिय एवं रोवर लीडर कमलेश साहू ने राज्यपाल रमेन डेका से सौजन्य मुलाकात कर वर्ष 2025-26 के राज्य पुरस्कार अलंकरण समारोह के आयोजन के लिए अनुमति एवं समय प्रदान करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हुए 29 अक्टूबर 2026 को प्रातः 11:00 बजे छत्तीसगढ़ मंडपम, लोकभवन में राज्य पुरस्कार अलंकरण समारोह आयोजित करने की सहमति प्रदान की। यह समारोह प्रदेश के उन प्रतिभाशाली स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स के लिए गौरवपूर्ण अवसर होगा, जिन्होंने अनुशासन, सेवा, समर्पण और समाजहित के कार्यों में उत्कृष्ट योगदान दिया है तथा राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा उत्तीर्ण की हो। सौजन्य मुलाकात के दौरान भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय, रायपुर द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका 'प्रयास' राज्यपाल को सप्रेम भेंट की गई तथा राज्य में चल रही स्काउटिंग गतिविधियों, उपलब्धियों एवं किये गये रचनात्मक कार्यों की जानकारी दी गयी। प्रति वर्ष राज्य पुरस्कार अलंकरण का आयोजन भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित किया जाता है। जिसमें राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा में उत्तीर्ण स्काउट्स- गाइड्स, रोवर-रेंजर को राज्यपाल के हाथों लोकभवन में प्रदान किया जाता है। राज्यपाल पुरस्कृत स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर को 10 वीं - 12वीं बोर्ड परीक्षा में 10 अंक बोनस के रूप में मिलता।

देश को अस्थिर करने का असफल प्रयास कर रही है कांग्रेस : राकेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर बड़ा हमला बोला है। चंद्राकर ने कहा कि देश को अस्थिर करने का असफल प्रयास कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों द्वारा किया जा रहा है। सरकार का विरोध करने के लिए विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए आवश्यक प्रक्रिया एसआईआर को मुद्दा बनाकर देश की संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने की कोशिश हो रही है।

चंद्राकर ने कहा कि चुनाव आयोग स्पष्ट कर चुका है कि एसआईआर से जुड़े सभी निर्णय आयोग के तीनों सदस्यों की सर्वसम्मति से लिए गए हैं। इसका आदेश सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए एक साथ लागू किया गया है। इसके बावजूद राहुल गांधी सहित कांग्रेस के नेता बिना किसी प्रमाण के आयोग की मंशा पर सवाल उठा रहे हैं और जनता में भ्रम फैला रहे हैं। यह लोकतांत्रिक मर्यादा के खिलाफ है। अगर कांग्रेस के पास कोई प्रमाण है तो उसे सार्वजनिक करे, अन्यथा राहुल गांधी देश से माफी मांगें और नेता प्रतिपक्ष के पद से इस्तीफा दें।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की विश्वसनीयता ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। एसआईआर सामान्य पुनरीक्षण से अलग एक गहन सत्यापन है जिसमें यह देखा जाता है कि मतदाता जीवित है, अपने पते पर सामान्य रूप से निवास कर रहा है और उसका नाम एक से अधिक स्थान पर तो नहीं है। इसका कानूनी आधार संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 21(3) है। सर्वोच्च न्यायालय भी आयोग के इस अधिकार को बरकरार रख चुका है। तेजी से शहरीकरण, पलायन और नामों के दोहराव के कारण समय-समय पर ऐसी जांच जरूरी हो जाती है।

चंद्राकर ने कहा कि आयोग ने शुद्धता के साथ समावेशिता का पूरा ध्यान रखा है। 20 राज्यों में यह प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और शेष 12 राज्यों में तीसरा चरण चल रहा है। यदि किसी मतदाता को नोटिस मिलता है तो बूथ लेवल अधिकारी स्वयं घर जाकर दस्तावेज लेकर ईसीआई नेट पर अपलोड कर रहे हैं ताकि किसी को कार्यालय के चक्कर न काटने पड़ें। मजदूरों, रैन बसेरों में रहने वाले और गरीब वर्ग के लिए विशेष शिविर लगाए गए हैं। पूरे देश में लाखों बीएलए और स्वयंसेवक बुजुर्गों और दिव्यांगों की मदद के लिए लगे हैं और चुनाव के दिन शत प्रतिशत वेबकास्टिंग की व्यवस्था है। ड्राफ्ट सूची से नाम हटना मताधिकार छीनना नहीं है, वहीं इसी अवधि में 2.37 करोड़ नए युवा मतदाताओं को जोड़ा जाना समावेशिता का प्रमाण है। उन्होंने एक गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि सीजेपी जैसे संगठन भी उन्हीं राज्यों में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जहां भाजपा या उसके सहयोगी दलों की सरकार है। कांग्रेस या अन्य सहयोगी दलों की सरकार वाले राज्यों में सीजेपी का कोई आंदोलन या धरना नहीं होना भी सवालों के घेरे में है। इससे स्पष्ट होता है कि यह एक सोची समझी रणनीति के तहत संस्थाओं को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास है जिसे देश की जनता समझ चुकी है।

प्रधानमंत्री आवास योजना से पूरा हुआ पक्के मकान का सपना, करकसे दंपत्ति ने किया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहर के नयापारा वार्ड क्रमांक 7 निवासी समीर करकसे को पक्के मकान का लाभ मिला। नवनिर्मित आवास का लोकार्पण पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का, पार्षद माखन पटेल, शहर महामंत्री मीना वर्मा एवं अग्रज शर्मा तथा बूथ अध्यक्ष सारिका यादव की उपस्थिति में हुआ। पूर्व विधायक डॉ. चोपड़ा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार गांवों से लेकर शहरों तक जरूरतमंद परिवारों को आवास योजना का लाभ प्रदान कर रही है। गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों का पक्के मकान का सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आवास योजना के माध्यम से साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका चुनाव के दौरान सरकारी नजूल भूमि पर पट्टा देकर मालिकाना हक प्रदान करने की घोषणा की गई थी। इसके तहत पात्र हितग्राहियों को पट्टा देकर आवास योजना का लाभ दिलाने की दिशा में भाजपा सरकार कार्य करेगी।

नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के कार्यकाल में महासमुंद शहर में डेढ़ साल के भीतर सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों को आवास योजना का लाभ मिला है। केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से हितग्राहियों को 2 लाख 50 हजार रुपए की अनुदान राशि सीधे उनके बैंक खातों में प्रदान की जाती है। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र शिखा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से करकसे परिवार के जीवन स्तर में सुधार होगा। नवनिर्मित आवास के लाभार्थी समीर एवं भगवती करकसे दंपत्ति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा तथा भाजपा नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता दुर्गा सार्वा, मैना कोसले, दुर्गा चंद्राकर, पुष्पांजलि सिन्हा, समसु खान आदि मौजूद रहे।

कसेकेरा में शुरू हुई कबड्डी स्पर्धा मुख्य अतिथि अंकित ने बढ़ाया उत्साह

विगत 18 वर्षों से अनवरत जारी है प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा कोमाखान तहसील अंतर्गत ग्राम कसेकेरा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। सर्वप्रथम विराजित मां दुर्गा की मूर्ति की पूजा अर्चना कर, मैदान में भी समस्त उपस्थितजनों के साथ पूजा अर्चना की व रिबन काटकर विधिवत खेल का शुभारंभ हुआ। जिसमें ग्राम की ही बाल कबड्डी टीम ने शो मैच खेला। अथिति स्वागत पश्चात अपने मुख्य अथिति उद्बोधन में अंकित ने कहा कि धान पान का काम निपटाने और कटाई से पहले इस नवरात्रि के पावन त्योहार में गांव-गांव में कबड्डी का आयोजन हो रहा है। ये आयोजन युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत रहने और एक होकर मैदान में डटे रहने की प्रेरणा देता है। ये खेल कठिन परिस्थिति में भी अदम्य साहस देने वाला खेल है। साथ ही राजनीति के समान टांग खिंचाई का खेल प्रमुख है। अंकित ने सभी युवाओं से नशे से दूर रह लगातार खेल और पारंपरिक संस्कृति को जिंदा रखने की आवश्यकता पर बल दिया और मौजूद खिलाड़ियों को आने ग्राम,क्षेत्र माता पिता का नाम रोशन करने और खूब तरक्की करने का आशीर्वाद दिया। अंकित ने बताया कि शिक्षा के साथ साथ अब समय आ गया है कि समस्त जेन्जी समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का और एक होकर बड़ी से बड़ी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ाई लड़ उस पर विजय प्राप्त करने का। सभी के संकल्प लेने का परिवार, समाज, ग्राम के प्रति जवाबदार बनते हुए अपने नैतिक कर्तव्यों का निर्वहन करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तुला राम ठाकुर जनपद सभापति, संतोष यादव, राकेश साहू सरपंच, गीतेश साहू, नेहरू चक्रधारी, सोहन साहू, देवसिंग ठाकुर, बल्ला ठाकुर उपसरपंच, अनसुइया साहू, कुमार सिंह ठाकुर, बुढ़ान सिंह ठाकुर, टिकेश्वरकांत साहू, रामनारायण, जानकी साहू सहित युवा समिति सदस्य संतोष, सुनील, आकाश, गोरेश, जितेश, अभिषेक, केशव समेत बड़ी संख्या में ग्राम वासी व खिलाड़ी मौजूद थे।

लाफिनकला में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं खेल प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

महासमुंद। ग्राम लाफिनकला में 17 अक्टूबर शनिवार को बच्चों के खेलकूद एवं प्रतिभावान छात्र सम्मान कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं तथा खेल प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों का सम्मान किया गया। शैक्षणिक उपलब्धि के लिए कक्षा 12वीं में हिमांशी पटेल, कक्षा 10वीं में दीपेश कुमार साहू, कक्षा 8वीं में गीतांजलि पटेल तथा कक्षा 5वीं में तनूजा साहू को प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। वहीं शिक्षक महेंद्र पटेल को शिक्षा के क्षेत्र में राज्यपाल अवार्ड मिलने पर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बच्चों के लिए आयोजित कार्यक्रम में दीपक जलाओ प्रतियोगिता में अरविंद निषाद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। गुलदस्ता बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम संजू साहू, द्वितीय ओजस्वी साहू एवं तृतीय प्रियल साहू रहे। मटका फोड़ प्रतियोगिता में तोमेश निषाद विजेता रहे। फुगड़ी प्रतियोगिता में प्रथम यशु पटेल, द्वितीय पुष्पांजलि निषाद एवं योगिता साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ बालिका में प्रथम लिसा साहू, द्वितीय हंसिका साहू, तृतीय निकिता साहू एवं बालक वर्ग में प्रथम भवेन्द्र साहू, द्वितीय उज्ज्वल पटेल, तृतीय अरविंद निषाद रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, रचनात्मकता एवं प्रतिभा को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत लाफिनकला के सरपंच राधेश्याम साहू, उपसरपंच भूपेंद्र साहू, पंचगण मोहित साहू, नरेंद्र पटेल, गुंजा साहू, उत्साही युवा कमलेश साहू, शिक्षक गोवर्धन प्रसाद साहू, महेंद्र पटेल का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर ग्राम समिति के अध्यक्ष रामकुमार साहू, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष हेमू राम साहू, केतन कुमार साहू, गिरीश साहू, हरिराम साहू, नेतन पटेल, पंडा रामशरण साहू, डाकेश साहू,जीवराखन साहू, यशवंत साहू, एगेश साहू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत संगीतमय नुक्कड़ नाटक का आयोजन

सरायपाली। सुशासन एवं सेवा के 25 वर्ष पर आधारित सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम के अंतिम प्रस्तुति 'नमो सेवाः अनकही कहानियां' संगीतमय नुक्कड़ नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति विकासखण्ड मुख्यालय पर बस-स्टैंड में दी गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीसी पटेल एवं नोडल अधिकारी टंकेश्वर जायसवाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में कलाकारों ने अपनी प्रतिभा और अभिनय के माध्यम से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। सेवा संकल्प अभियान के भाजपा विकासखंड नोडल मनोज दास, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) की शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, गुरप्रीत रैना, इकबाल खान प्रदेश कार्य समिति सदस्य अल्पसंख्यक मोर्चा, आशीष दास एवं किशोर भोई की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ।



उल्लेखनीय है कि विकासखंड में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक एवं जनजागरुकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में संगीतमय नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से लोगों तक सुशासन, राष्ट्र सेवा एवं नागरिक कल्याण का संदेश पहुंचाना था। नुक्कड़ नाटक का निर्देशन एवं लेखन इस कार्यक्रम के नोडल शैलेंद्र कुमार नायक शाउमावि केना, सहायक चंपालाल डडसेना, प्रदीप नारायण सेठ, संगीत निर्देशन जलंधर वर्गे एवं नृत्य निर्देशन शिक्षिका नेहा दास ने किया। इसमें सेजेस सरायपाली की छात्राओं अन्वेषा प्रधान, अनुष्का प्रधान, महक गर्ग, श्रद्धा सुमन पाणिग्राही, पूजा सोनी, अतिका फातिमा, अदिष्टा दास, पायल साहू, प्रिंसी खुटिया, काजल अग्रवाल, रुचिता साहू, बलप्रीत कौर एवं खुशी पटेल ने कलाकार के रूप में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं बाल सहयोगियों के रूप में जतिन नायक एमटी परवेज भारत भास्कर,रिग्मांशु साहू एवं ईशान सेठ ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में सेजेस के प्राचार्य गजेंद्र कुमार अरिल्ले, महेश नायक, वायके चौधरी, अजय प्रधान, जयंत बारीक, प्रकाश ठेठवार, अश्विनी बारीक, किशोर पटेल तथा थाना की महिला पुलिसकर्मी मालती यादव का विशेष योगदान रहा।



खबर संक्षेप



पंडालों में पहुंचकर तुषार ने की की पूजा-अर्चना

महासमुंद। नवरात्रि पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू ने ग्राम परसट्टी, बम्हनी, चिंगरौद, नांदगांव, मुढ़ेना, लाफिनखुर्द एवं बरोंडाबाजार के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में पहुँचकर माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना की तथा माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली की कामना की। साहू ने प्रार्थना की कि मां दुर्गा की कृपा सभी क्षेत्रवासियों पर सदैव बनी रहे तथा प्रत्येक परिवार में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली का वास हो। बेमचा खल्लारी हवन पूजन आज महासमुंद। क्वांर नवरात्र महोत्सव पर मूल खल्लारी सिद्ध शक्ति पीठ मां खल्लारी मंदिर बेमचा में हवन अनुष्ठान 19 अक्टूबर रविवार संध्या 5 बजे होगा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

भालूचुंवा घुंचापाली में 20 को कबड्डी प्रतियोगिता

बागबाहरा। स्व सतीश ठाकुर की स्मृति में ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता ग्राम भालूचुंवा घुंचापाली में 20 अक्टूबर से होगी। इसमें प्रथम पुरस्कार 10 हजार, द्वितीय 7 हजार, तृतीय 5 हजार, चतुर्थ पुरस्कार 3 हजार रुपए रखा गया है। प्रतियोगिता में बेस्ट रेडर, बेस्ट केचर, बेस्ट बुलाकर, बेस्ट अराउंड में भी पुरस्कार रखा गया है।

अंतर विश्वविद्यालय वॉलीबॉल के लिए तुषार का चयन



पिथौरा। पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर ने पिथौरा महाविद्यालय के छात्र तुषार बरिहा का चयन अंतर विश्वविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए किया है। तुषार बरिहा आदर्श क्लब कुरकुटी के खिलाड़ी हैं। वह ग्राम कुरकुटी, जिला बलौदाबाजार के निवासी हैं। पिता संतराम बरिहा, माता नीरा बरिहा हैं। वे वॉलीबॉल में बूस्टर पोजीशन पर खेलते हैं। प्रतियोगिता पश्चिम बंगाल के कोलकाता में आयोजित होगी। चयन पर गांव एवं अंचल में हर्ष व्याप्त है।

निधन

गंगाबाई बावनकर

महासमुंद। शहर के वार्ड क्रमांक 19 ब ढ़ा ई पा रा निवासी गंगाबाई बावनकर (77 वर्ष) का निधन शनिवार को को हो गया। वे भाजपा नेता आईटी सेल प्रभारी शरद मराठा की माता थीं व चंदन राव, दीपक राव, दीपांशु राव, दिव्यांशु राव, यश राव बावनकर की दादी थीं। दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित करने उनके निवास पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, एल्डरमैन पार्षद हनीश बग्गा, गोविंद ठाकुर व भाजपा नेतागण पहुंचे थे। राजा मठ में अंतिम संस्कार किया गया।



बेटे के स्वास्थ्य के लिए मां ने चंडी दरबार में आंचल फैलाकर मांगी मन्नत

चंडी मंदिर मार्ग में बेटे के स्वास्थ्य के लिए मां ने साष्टांग लेटकर बिरकोनी के चंडी माता से कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिरकोनी

नवरात्र पर्व पर श्रद्धालुओं में अलग-

- डेढ़ किलोमीटर तक दंडवत प्रणाम करते हुए पहुंची मंदिर परिसर

अलग आस्था देखने को मिल रहा है। देवी मंदिरों में श्रद्धालु अनेक मुरादे व मनोकामनाएं के लिए ज्योत प्रज्वलित की है। लेकिन, श्रद्धालुओं का प्रतीक हमेशा से आस्था ही रहा है। शारदीय नवरात्र के सातवें दिन शनिवार को मां कालरात्रि की आराधना के साथ ही ग्राम घोड़ारी निवासी दशोदा निषाद ने अपने बेटे की स्वास्थ्य जीवन की कामना की लिए दंडवत साष्टांग लेटते हुए प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक डेढ किलोमीटर चंडी मंदिर दरबार पहुंची।

नारियार से माता का जाप करते हुए भक्त ने माता के दरबार पहुंचकर आंचल फैलाकर मन्नत मांगी। उसके देखरेख के लिए उसके जेठानी देवकी निषाद साथ में थी। दशोदा निषाद ने माता को नरियार, श्रृंगार चढ़ाकर, दीप जलाकर परिक्रमा कर आंचल फैलाकर बेटे राकेश निषाद 12 वर्ष के स्वास्थ्य के सलामती के लिए मन्नत मांगी। मान्यता है कि मां चंडी के दरबार में सच्चे मन से मां की आराधना करने वाले भक्त को साहस और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।



अटूट ममता और आस्था

जब बच्चे के स्वास्थ्य पर संकट आए तो चिकित्सा इलाज के साथ-साथ दैवीय शक्ति पर भरोसा करते हुए इस तरह की कठिन तपस्या का मार्ग चुनी। बेटे के प्रति ममता की अलग ही आस्था झलकती है। कहा जाता है कि मां से बड़ा योद्धा नहीं है। नवरात्र पर्व पर ममता के प्रति आस्था को देखकर श्रद्धालु भावुक हो गए। बताया जा रहा है कि एक साल पहले क्रिकेट खेलते समय राकेश छत के ऊपर करंट के चपेट में आ गया था। जिससे गंभीर रूप से घायल के दरमियान निजी हॉस्पिटल में इलाज कराया गया। जिसमें दोनों पैर काटने की नौबत आ गई थी। डॉक्टर और परिवार के सूझबूझ से बचा लिया गया। लेकिन, अभी भी स्थिति वैसी है। चलने पर एक पैर के सहारे एड़ी के भार चलते है। जिसमें परिवारिक स्थिति पर आर्थिक संकट आ गया। लेकिन, बच्चा ठीक से स्वास्थ्य नहीं हुआ। लगातार एक साल तक इलाज करवाने के कारण परिवार पर आर्थिक स्थिति का बोझ हो गया है। बच्चे के भविष्य को लेकर मां चिंतित रहती है।

जगह-जगह कन्या भोज का आयोजन, नौ देवियों के रूप में हुई कन्याओं की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

शारदीय नवरात्रि पर क्षेत्र में जगह-जगह कन्या भोज और कन्या पूजन का आयोजन बड़े श्रद्धा भाव से किया जा रहा है। नवरात्रि के अष्टमी और नवमी पर माता के नौ रूपों के प्रतीक के रूप में नौ कन्याओं को भोजन कराकर आशीर्वाद लिया जा रहा है। मान्यता है कि नवरात्रि में कन्या पूजन करने से माता रानी प्रसन्न होती हैं और घर में सुख-समृद्धि आती है। इसी परंपरा का निर्वाह करते हुए नगर सहित ग्रामीण अंचलों के मंदिरों, घरों और सार्वजनिक पंडालों में कन्या भोज कराया जा रहा है।



श्रद्धालुओं में उत्साह

सुबह से ही महिलाओं द्वारा हलवा, पूरी, चना और खीर का प्रसाद तैयार किया जा रहा है। इसके बाद विधि-विधान से कन्याओं के पैर धोकर, टीका लगाकर, चुनरी ओढ़ाकर उनका पूजन किया जा रहा है। पूजन के बाद भोजन कराकर उन्हें उपहार और दक्षिणा देकर विदा किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कन्या भोज सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसमें 2 वर्ष से 10 वर्ष तक की कन्याओं को देवी का रूप मानकर पूजा की जाती है।

जगह-जगह हो रहे आयोजन

बसना सहित कई जगहों पर दुर्गा पंडाल समितियों द्वारा सामूहिक कन्या भोज का आयोजन किया गया। कई परिवार अपने घरों में भी नौ कन्याओं को आमंत्रित कर भोज करा रहे हैं। इस दौरान रजय माता दीक्ष के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

मंदिरों व दुर्गा पंडालों में अष्टमी पर हुआ हवन और पूजन



नर्रा। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर रविवार को क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों व दुर्गा पंडालों में नवरात्रि के आठवें स्वरूप, मां महागौरी की विशेष आराधना की गई। इस दौरान पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से हवन पूजन कराया गया, जिसमें यजमानों और श्रद्धालुओं ने पूर्ण श्रद्धा भाव के साथ आहुति दी। पंडालों में गूंजते मंत्रोच्चार और हवन की पवित्र अग्नि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मां महागौरी के दर्शन और हवन की पूर्णाहुति के लिए मंदिरों व पंडालों में भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना और हवन के उपरांत उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

खैरा के कंडरा पारा में छप्पन भोग एवं भंडारा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम खैरा के कंडरा पारा में नवयुवक

- नवयुवक दुर्गा समिति ने किया आयोजन, जुटे भक्तजन

दुर्गा समिति द्वारा 56 भोग एवं महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भूतपूर्व सरपंच मान आसाराम साहू ने कहा कि हिंदू धर्म में छप्पन भोग भगवान कृष्ण को अर्पित किए जाने वाले 56 प्रकार के विभिन्न व्यंजनों और खाद्य पदार्थों का एक पवित्र प्रसाद समूह है। समिति के वरिष्ठ सदस्य पूरन साहू ने कहा कि मां दुर्गा सनातन धर्म में पराशक्ति, साहस और ब्रह्मांड की मूल ऊर्जा आदि शक्ति की प्रतीक है। इस मौके पर नवयुवक दुर्गा समिति के अमित साहू, आशाराम साहू, पूरन साहू, राजू बांसवार, गजेंद्र कन्नौजे, ढेलू राम कन्नौजे, जितेंद्र बांसवार, गोविंदा बांसवार, जितेन्द्र सेन, जगमोहन सेन, लोमस साहू, लेख राम साहू, गोपी साहू, टीकम साहू, विमल साहू, पप्पू साहू, झलेंद साहू, राजेंद्र बांसवार, भूपेंद्र कन्नौजे, मनोज कन्नौजे, चालेश साहू, कुलेश्वर साहू, राजीव साहू, राहुल साहू का विशेष सहयोग रहा। उक्त जानकारी ग्राम खैरा के कृष्ण कुमार साहू ने दी है।

देव संस्कृति विद्यालय में गरबा नृत्य और जसगीतों का हुआ आयोजन

महासमुंद। देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जस गीत एवं गरबा नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष शशि प्रभा थिटे, प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी एवं समिति सदस्य हीरालाल साहू, एलके मेश्राम, बोधराम साहू द्वारा मां नवदुर्गा के छायाचित्रों के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कक्षा 12वीं के छात्रों द्वारा स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत किए गए। अतिथियों का स्वागत चंदन एवं पुष्पमाला से किया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा जस गीतो का गायन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के करीब 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अतिथियों की कर कमलो से पुरस्कृत किया गया। संस्था के अध्यक्ष शशि प्रभा थिटे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जसगीत मां आदिशक्ति, दुर्गा और विभिन्न स्थानीय देवियों की आराधना व स्तुति का सबसे प्रमुख पारंपरिक लोक स्वरूप है। जसगीत मुख्य रूप से नवरात्रि के दौरान मंदिरों, देवी पंडालों और घरों में मां भवानी को प्रसन्न करने के लिए गए जाते हैं। संस्था की प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नवरात्रि की दौरान गरबा का धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व अधिक बढ़ गया है। यद्यपि गरबा मूल रूप से गुजरात का लोक नृत्य है, लेकिन छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध सांस्कृतिक विविधता के कारण यह यहां की जनजीवन और उत्सवों का एक अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। मंच संचालन व्याख्याता गरिमा साहू ने किया। इस अवसर पर दूषण लाल साहू, लोकेश चंद्राकर, कृष्ण कुमार साहू, दिनेश प्रताप ठाकुर,जितेंद्र चक्रधारी,यमन सिन्हा, ऋषभ साहू, अनीता पिल्लई (प्राथमिक प्रभारी), गरिमा साहू, किरण विश्वकर्मा, बसंती यादव, मीरा चंद्राकर, दीपा साहू, गायत्री सेन, जय वास्तव, लक्ष्मी कामेश्वरी बाग, संजू पारेश्वर सुनीता साहू आदि मौजूद रहे।



अरंड में महाअष्टमी पर हुआ हवन-पूजन कार्यक्रम

अरंड (पिथौरा)। ग्राम अरंड में जय महावीर दुर्गा उत्सव समिति द्वारा विजयित दुर्गा पंडाल में महाअष्टमी पर विधि विधान से हवन पूजन कार्यक्रम हुआ। श्रद्धालुओं ने पूर्णहुति देकर माता की विशेष पूजा अर्चना की। इस दौरान ग्राम के सरपंच दिगंबर पटेल, शिवचरण ध्रुव, देवराज सिंह ठाकुर, महाराज खूबचंद दुबे, ग्राम के बैग विश्वनाथ ध्रुव, दुर्गो समिति के दीनबंधु पटेल, कौतूक पटेल, कार्तिक राम पटेल, गंगाधर नर्मलकर, हुसन लाल निर्मलकर, दिनेश दुबे, महेश ध्रुव, पवन पटेल, डेमन ध्रुव, रामअवतार ध्रुव, लकेश ध्रुव, गीता बाई, नागमत बाई, हीर मोती, मिलो बाई, बिराम बाई, मेहतरीन बाई, कृष्णा बाई, जमुना बाई समेत ग्रामीणजन मौजूद रहे।

शहर के नयापारा क्षेत्र में मां दुर्गा के दर्शन कर विधायक योगेश्वर ने की पूजा-अर्चना

प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं जनकल्याण की कामना की, विधायक ने नवरात्रि के पावन पर्व की महत्ता को किया रेखांकित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शहर के नयापारा क्षेत्र में विराजित मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों के दर्शन करने पहुंचे। यहां उन्होंने माता रानी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और क्षेत्रवासियों सहित समस्त प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। विधायक सिन्हा ने माता रानी के समक्ष श्रद्धापूर्वक शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने नवरात्रि के पावन पर्व की महत्ता को रेखांकित करते हुए मां दुर्गा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

बता दें कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्रि में महासमुंद में चारों ओर भक्ति और आस्था का वातावरण बना हुआ है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर माता रानी के दर्शन कर रहे हैं तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा पूरे महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अलग-अलग दुर्गा माता के पंडाल एवं देवी मंदिरों में पहुंचकर माता के दर्शन पूजन कर रहे हैं। इसी क्रम में नवरात्रि अष्टमी तिथि पर वें शहर के नयापारा क्षेत्र पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नवरात्रि का पर्व भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। इन नौ दिनों में श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना करते हैं। माता रानी की पूजा-अर्चना से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सद्भाव, समरसता और सेवा की भावना को बल मिलता है। का पावन पर्व शक्ति की उपासना और भक्ति का महापर्व है। मां दुर्गा हमें साहस, धैर्य, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। यह पर्व हमें बुराइयों का त्याग कर अच्छाइयों को अपनाने तथा समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संदेश देता है। माता रानी की कृपा से सभी के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे तथा हमारा प्रदेश निरंतर प्रगति और विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहे, यही मेरी कामना है। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, एल्डरमैन हनीश बग्गा, पार्षद माखन पटेल, सुनीता साहू, भगवती करकसे, मैना कोसले, रामेश्वर पटवा सहित श्रद्धालुगण उपस्थित थें।



अंजलि विहार कॉलोनी में रास गरबा प्रतियोगिता की पंचमी पर शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

लहरौद स्थित अंजलि विहार कॉलोनी में आयोजित रास गरबा प्रतियोगिता के पंचमी पर्व पर बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरुषोत्तम घृतलहरे, भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी एवं जनपद सदस्य शैलेंद्री ध्रुव, श्रेयांश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि नवरात्रि का पर्व शक्ति, भक्ति, आस्था और संस्कारों का प्रतीक है। मां दुर्गा की आराधना हमें सत्य, धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। रास गरबा जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी सनातन परंपराओं को सहेजने के साथ ही समाज में एकता, भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और धार्मिक विरासत से जुड़ने का अवसर मिलता है।



जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने कहा कि नवरात्रि का पर्व हमारी धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का महत्वपूर्ण उत्सव है। रास गरबा के माध्यम से श्रद्धालु मां दुर्गा की भक्ति में लीन होकर अपनी संस्कृति और परंपराओं के प्रति समर्पण व्यक्त करते हैं। इस तरह के आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और एकजुटता को बढ़ावा देते हैं। भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि नवरात्रि केवल पूजा-अर्चना का पर्व नहीं, बल्कि नारी शक्ति के सम्मान, धर्म के प्रति आस्था और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का अवसर भी है। मां दुर्गा की उपासना हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने, सत्य के मार्ग पर चलने और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा देती है। रास गरबा जैसे आयोजन हमारी सनातन संस्कृति की जीवंत पहचान हैं। ऐसे कार्यक्रमों में युवाओं और बच्चों की भागीदारी से हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत अगली पीढ़ी तक पहुंचती है।

जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरुषोत्तम घृतलहरे ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं। नवरात्रि के पावन अवसर पर रास गरबा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, उल्लास और सामाजिक सहभागिता का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष पुनीत सिन्हा सहित संरक्षक आत्माराम यादव, राजेंद्र सिन्हा, गुरुचरण सलूजा, गौतम साहू, यूके दास, रोहिणी देवांगन, आरके मने, मोनू अग्रवाल, राजेश भोई, मुन्ना भोई, आकाश सिन्हा, कुलजीत आजमानी, अमरकांत मिश्रा, दिनेश कालसा, बिट्टू सलूजा, यश बिसेन एवं मिंकू आजमानी सहित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

